भारतीय मानक ब्यूरो के दिल्ली स्थित कार्यालय में अधिकारी

1358. **कुमारी चन्द्रिका प्रेमजी केनिया :**

डा० बापू कालदाते :

श्री सत्य प्रकाश मालवीय :

क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय मानक ब्यूरो के दिल्ली स्थित कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों का श्रेणीवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) ऐसे अधिकारियों की संख्या कितनी है जो पिछले सात वर्षों से लगातार दिल्ली में तैनात हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि एक अखिल भारतीय सेवा होने के बावजूद इसके बहुत से अधिकारियों का काफी लम्बे समय से दिल्ली से बाहर स्थानान्तरण नहीं किया गया है ;

(घ) क्या यह सच है कि दूसरे स्थानों पर तैनात अधिकारियों द्वारा दिल्ली में स्थानान्तरण करने हेतु दिए गए आवेदन बहुत समय से विचारार्थ लम्बित पड़े हुए हैं ; यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ङ) दिल्ली के लिए स्थानान्तरण हेतु दो वर्ष से अधिक अवधि से लम्बित पड़े आवेदनों का ब्यौरा क्या है ?

नागरिक आपूर्ति और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क)

(1) सहायक निदेशक	41
(2) उप निदेशक	44
(3) संयुक्त निदेशक	81
(4) निदेशक	33
(5) निदेशक (एस जी)	10
(ख)	166

(ग) जी हां । वर्ष 1990 के दौरान 23 अधिकारियों, जो दिल्ली में, 15 वर्षों से अधिक की अवधि से थे, को दिल्ली से बाहर के केन्द्रों को स्थानान्तरित किया गया था । भारत सरकार के मितव्ययिता संबंधी दिशा-निर्देशों की वजह से वर्ष 1991 के दौरान कोई स्थानान्तरण नहीं किया गया है ।

(घ) अनेक आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं तथा विचाराधीन हैं ।

(ङ) निम्नलिखित 3 आवेदन पत्र दो वर्षों से अधिक की अवधि से लंबित पड़े हैं :—

1. श्री पी० के० कुश, सहायक निदेशक, बम्बई, इन्होंने 24-10-1985 को आवेदन किया ।
2. श्री श्याम सुंदर, सहायक निदेश, भोपाल, इन्होंने 21-8-1989 को आवेदन किया ।
3. श्री संजय गोस्वामी, सहायक निदेशक, कलकत्ता, इन्होंने 3-7-1989 को आवेदन भेजा ।

Visit of Chief of Army Staff to US.A.

1359. SHRI G. G. SWELL: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) whether the Indian Chief of Army Staff visited the United States in the first week of September;

(b) whether during the visit a new era of cooperative relationship between the Indian Army and the U.S. Army was bruited based on the so-called Kickleighter proposals; and

(c) whether Government considers this as a positive development?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI SHARAD PAWAR); (a) The Chief of Army Staff visited *e U.S. from 18th *to* 31st August, 1991.